राजस्थान सरकार
निदेशक कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर

क्रमांक : एफ 9 (स्काउट)अकाद/निकाशि/2011/343 दिनांक : 28-8-12

समस्त प्राचार्यगण
राजकीय/अराजकीय महाविद्यालय,
(जहां रोवरिंग/रेंजरिंग गतिविधि संचालित नहीं है)
राजस्थान

विषय : – महाविद्यालयों में रोवरिंग/रेंजरिंग गतिविधियां प्रारम्भ करने के लिए महाविद्यालय प्राचार्य संगोष्ठी।

महोदय,

रोवरिंग/रेंजरिंग स्काउटिंग–गाइडिंग की वरिष्ठ शाखा है, जिसमें 16 से 25 वर्ष तक के युवक–युवतियों को रोमांचक, साहसिक, चुनौतीपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है। रोवरिंग/रेंजरिंग में राज्य, राष्ट्र व अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियों में सम्मिलित होने के सुवअसर सहज ही प्राप्य है। साथ ही अनेक समाजसेवी एवं सामुदायिक विकास की गतिविधियों में सहभागिता करने के अवसर प्राप्त होते है। शिक्षा शास्त्रियों व विश्वविद्याल अनुदान आयोग ने इसे शिक्षा का पूरक अंग स्वीकार कर प्रमुख सहशैक्षिक गतिविधियों मे सम्मिलित किया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी महोदय ने अपने बजट भाषण में स्काउटिंग–गाइडिंग (रोवरिंग–रेंजरिंग समाहित) गतिविधियों के विकास पर विशेष बल दिया है तथा इस हेतु विशेष वित्तीय प्रावधान भी किये है, जिन महाविद्यालयों में वर्तमान में रोवरिंग–रेंजरिंग संचालित नहीं है वहां इन ग्रुपों के गठन हेतु महाविद्यालयों में प्राचार्य की मण्डल स्तरीय बैठकों को आयोजन किया जा रहा है। बैठक में महाविद्यालयों में रोवरिंग–रेंजरिंग गतिविधियां प्रारम्भ किये जाने संबंधी विस्तृत विचार विमर्श होगा। निम्नानुसार दिनांक एवं स्थान पर प्रातः 11.00 बजे प्राचार्यगण उपस्थित होने का कष्ट करें : –

क्र.स.	मण्डल का नाम	तिथि	स्थान	सम्पर्क सूत्र
1	अजमेर	4.9.2012	मण्डल मुख्यालय, अजमेर	8003097180
2	बीकानेर	7.9.2012	मण्डल मुख्यालय, बीकानेर	8003097193
3	जयपुर	3.9.2012	मण्डल मुख्यालय, जयपुर	9928019700
4	भरतपुर	5.9.2012	मण्डल मुख्यालय, भरतपुर	8003097156
5	जोधपुर	6.9.2012	मण्डल मुख्यालय, जोधपुर	8003097171
6	कोटा	4.9.2012	मण्डल मुख्यालय, कोटा	8003097165
7	उदयपुर	5.9.2012	मण्डल मुख्यालय, उदयपुर	8003097159

यात्रा व्यय का भुगतान स्काउट–गाइड संगठन द्वारा संगठन के नियमानुसार किया जावेगा।

भवदीय

निदेशक,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
जयपुर

क्रमांक : एफ 9 (स्काउट)अकाद/निकाशि/2011/343 दिनांक : 28.8.12

प्रतिलिपि : – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

1. राज्य सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर
2. श्री धीरेन्द्र देवर्षि, वेबसाईट इन्चार्ज

राज्य समन्वयव (एन.एस.एस.)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

SL 93